खनिजों से वस्तुओं का उत्पादन

3444. श्री राम अवधेश सिंह: क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बाक्साइट, तांबे, लौह-अयस्क, डोलोमाइट, क्रोमाइट, चूने के पत्थर, पायराइटस, क्वार्टज, सिलिका रेत, फायर चाईना क्ले, अभ्रक और यूरोनियम से किन-किन वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है; और

(ख) ऊपर-वर्णित खनिजों में से प्रत्येक खनिज के मूल अयस्क में तैयार शुदा उत्पाद का कितना प्रतिशत होता है और प्रसंस्करण के पश्चात् उनमें से कितनी प्रतिशत धातु प्राप्त होती है तथा उसका बिक्री मूल्य कितना-कितना है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव): (क) बाक्साइट, तांबा, लोह अयस्क, डोलोमाइट, चूना पत्थर, पायराइट, क्वार्टज, सिलिका रेत फायरक्ले, चाइना क्ले, अभ्रक और यूरेनियम से निर्मित सामान इस प्रकार हैं:—

बक्साइट	–	एल्युमिनियम, धातू, एल्यूमिना, रिफ्रेक्टरी ब्रिक्स।
तांबा अयस्क	–	तांबा धातु।
लौह अयस्क	–	स्पंज आयरन, पिग आयरन और इस्पात।
डोलोमाइट	–	रिफ्रेक्टरी ब्रिक्स कांच और मेग्नेशियम धातु।
चूना पत्थर	–	सीमेंट, केल्शियम कारबाइड और रसायन।
पायराइट	–	सल्फ्यूरिक एसिड (गंधक तेजाब)।
क्वार्टज	–	कांच, सिलिका ब्रिक्स, फेरो-सिलिकन और सिलिकन धातु।
सिलिका रेत	–	कांच।
फायर क्ले	–	रिफ्रेक्टरी ब्रिक्स, सेनीटरी वेयर और कूसीबल्स।
चाइना क्ल	–	सिरेमिक वेयर और विद्युत ऊष्मा रोधी पात्र।
अभ्रक	–	विद्युत और इलैक्ट्रोनिक्स ऊष्मा रोधी अभ्रक इंसुलेशन ब्रिक्स। सिकानाइट, अभ्रक पेपर और अभ्रक पाउडर।
युरेनियम	–	परमाणु अस्त्र और परमाणु ईंधन के उत्पादन के लिए।

(ख) उपलब्ध सूचना के अनुसार, बाक्साइट से लगभग 15% एल्यूमिनियम धातु, तांबा अयस्क से करीब 1% तांबा धातु और लौह अयस्क से लगभग 60% लोहा तथा 54% इस्पात पिंड निकलता है। डोलोमाइट में करीब 20% मैंगनेशियम धातु और क्वार्टज में 46% सिलिकोन होता है। अन्य खनिज जैसे, फेल्सपार, फायर क्ले, चूना-पत्थर, पायराइट, चाइना क्ले, अभ्रक और सिलिका रेत औद्योगिक खनिज हैं और इन खनिजों से धातु निकासी नहीं होती।

प्रचलित भारतीय बिक्री मूल्य तांबा तार छड़ का 1,33,000 रुपये प्रति टन और एल्यूमिनियम पिंड का 53,000 रुपये प्रति टन है। पिग आयरन का मूल्य, 4215 रुपये से 4425 रुपये प्रति टन के बीच है। उत्पाद शुल्क को छोड़कर इस्पात के मूल्यांकन भिन्न-भिन्न हैं। जैसे प्लेट, चक्र, धुरा, रेल पटरी आदि के मूल्य भारी प्लेटों हेतु 6205 रुपये प्रति टन से लेकर धुरों के लिये 24475 रुपये प्रति टन (उत्पाद

शुल्क बिना) हैं। सिलिकोन धातु का प्रचलित अंतर्राष्ट्रीय मूल्य करीब 34,400 रुपये प्रति टन है।

बिहार में खनिजों पर रायल्टी

3445. श्री राम अवधेश सिंह: क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार को 16 मई, 1991 को बिहार सरकार से खनिजों पर रायल्टी बढ़ाये जाने के संबंध में एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि बिहार सरकार ने पहले 30 अक्तुबर, 1989 को भी एक प्रस्ताव भेजा था और यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(घ) बिहार से बाहर भेजे जा रहे सभी खनिजों के नाम, उनकी मात्रा, उनके मूल्यों का ब्यौरा क्या है और उनका खनन करने वाली कम्पनियों के नाम क्या-क्या हैं तथा उनके द्वारा उत्पाद शुल्क, आयकर, बिक्रीकर आदि के रूप में अदा की गई धनराशियों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) बिहार में पाये जाने वाले खनिजों के संयोजन से विनिर्मित वस्तुओं की सूची का ब्यौरा क्या है और उनसे विनिर्मित तैयारशुदा उपभोक्ता वस्तुएं कौन-कौन सी हैं और उनका बाजार मूल्य कितना-कितना है?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव): (क) से (ग) खनिजों (कोयला, लिग्नाइट और भराई रेत को छोड़कर) की रायल्टी दरों में संशोधन बाबत सिफारिशें करने हेतु सरकार द्वारा गठित अध्ययन दल द्वारा परिचालित प्रश्नावली के उत्तर में बिहार सरकार ने अपने 30-10-1989 के पत्र द्वारा 11 खनिजों के बारे में जो मुख्यत: बिहार में मिलते हैं, अपनी राय भेजी थी। उसमें इन खनिजों हेतु बिहार सरकार द्वारा उचित समझी गई संशोधित रायल्टी दरों का भी उल्लेख था।

दिनांक 16.5.1991 के बाद के पत्र में, जो बिहार के खान व भूतत्व मंत्री ने इस्पात और खान मंत्री को लिखा था, यह सुझाव दिया गया था कि रायल्टी की संशोधित दरों में, राज्यों द्वारा लगाये गये उपकर, खनिज अधिकार कर, आदि के न्यायालयों द्वारा समाप्त किए जाने से, राज्य सरकारों को हो रही हानि को भी ध्यान में रखा जाए। बिहार में प्राप्त 11 खनिजों हेतु रायल्टी की निम्नलिखित विशिष्ट दरों का भी सुझाव था।

खनिज का नाम	बिहार सरकार के सुझाव में संशोधित रायल्टी दर
लोहा	रु० 48/- प्रति टन
बाक्साइट	रु० 132/- प्रति टन
चूना-पत्थर	रु० 75/- प्रति टन
तांबा	रु० 24/- प्रति युनिट तांबा अयस्क।
अभ्रक-कच्चा	रु० 64/- प्रति टन
कतरन	रु० 32/- प्रति टन
सिलि का बालू	रु० 16/- प्रति टन
क्वार्टज/स्टीटाइट क्वार्ट्जाइट	
फेलसपार	रु० 16/- प्रति टन
पायराइट	रु० 2/- प्रति युनिट सल्फर।
डोलोमाइट	रु० 23/- प्रति टन
चीनी मिट्टी-कच्ची	रु० 28/- प्रति टन
धुली हुई	रु० 112/- प्रति टन
फायरक्ले	रु० 20/ प्रति टन

(घ) और (ङ) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।